Australian Government
Department of Home Affairs

# ऑस्ट्रेलिया में विदेशी हस्तक्षेप पर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करना

और अधिक सुरक्षित ऑस्ट्रेलिया की दिशा में साथ मिलकर काम करना



© कॉमनवैल्थ ऑफ ऑस्ट्रेलिया 2024

कॉमनवेल्थ कोट ऑफ आर्म्स के अलावा, इस प्रकाशन में प्रस्तुत सभी सामग्री https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode पर Creative Commons Attribution 4.0 International लाइसेंस के तहत प्रदान की गई है।

इसका यह अर्थ है कि यह लाइसेंस इस दस्तावेज़ में निर्धारित सामग्री पर ही लागू है।

प्रासंगिक लाइसेंस शर्तों के विवरण Creative Commons की वेबसाइट https://creativecommons.org और CC BY 4.0 लाइसेंस के लिए पूर्ण कानूनी संहिता कोड भी वेबसाइट https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode पर उपलब्ध है।

**Coat of Arms का उपयोग**

वे शर्तें जिनके अधीन कोट ऑफ ऑर्म्स का प्रयोग किया जा सकता है, Department of Prime Minister and Cabinet की वेबसाइटhttps://www.pmc.gov.au/government/commonwealth-coat-arms. पर दी गई हैं।

**हमसे संपर्क करें**

इस दस्तावेज़ के किसी प्रयोग और लाइसेंस से सम्बन्धित पूछताछ को इस पते पर भेजा जा सकता है:

Department of Home Affairs
PO Box 25
BELCONNEN ACT 2616

# विदेशी हस्तक्षेप हमारी जीवन शैली के लिए एक ख़तरा है

जासूसी और विदेशी हस्तक्षेप, ऑस्ट्रेलिया की संप्रभुत्ता, लोकतंत्र, मूल्यों और राष्ट्रीय हितों - हमारी जीवन शैली, को ख़तरे में डालते हैं।

ऑस्ट्रेलिया, कई देशों द्वारा चतुराईपूर्ण और लगातार विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों का निशाना है।

जैसा कि सुरक्षा महानिदेशक पूर्व में कह चुके हैं, 'हमारी जीवन शैली के लिए ख़तरे ऑस्ट्रेलिया की मुख्य सुरक्षा चिंता का प्रतीक हैं। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन द्वारा जिन चीज़ों की पहचान की जा रही है, जाँच-पड़ताल की जा रही है, आकलन किए जा रहे हैं और बाधित किया जा रहा है उसके आधार पर, जासूसी और विदेशी हस्तक्षेप के लिए पहले से कहीं ज़्यादा ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।'

विदेशी हस्तक्षेप पर कार्यवाही करने में असफलता के ऑस्ट्रेलिया के लिए दीर्घकालीन नकारात्मक परिणाम होंगे।

यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों, सरकारी संस्थानों, आर्थिक संपन्नता, मीडिया और सामुदायिक एकजुटता को कमज़ोर कर देगा।

इस दस्तावेज़ में बताया गया है:

- कौन सबसे ज़्यादा ख़तरे में है।
- विदेशी हस्तक्षेप पर कार्यवाही करने के लिए सरकार क्या कर रही है।
- व्यक्ति तथा संगठन अपनी रक्षा करने के लिए क्या कर सकते हैं।

**विदेशी हस्तक्षेप ऑस्ट्रेलिया में एक दंडनीय अपराध है और इसके लिए Commonwealth *Criminal Code Act 1995* [कॉमनवैल्थ *आपराधिक संहिता अधिनियम 1995*] के तहत 20 साल तक की जेल की सज़ा हो सकती है।**

# विषय-सामग्री

**विदेशी हस्तक्षेप हमारी जीवन शैली के लिए एक ख़तरा है** ..... 3
**विषय-सामग्री** ..... 4
**संदिग्ध विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट कैसे करें** ..... 5
व्यक्तियों तथा सामान्य रिपोर्ट्स के लिए ..... 5
सरकार तथा ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों और अनुसंधान उद्योगों के लिए ..... 5
**विदेशी हस्तक्षेप क्या होता है?** ..... 6
विदेशी सरकार के हस्तक्षेप के लक्ष्य ..... 6
जासूसी क्या होती है? ..... 6
**विदेशी हस्तक्षेप का ख़तरा किस पर सबसे ज़्यादा होता है?** ..... 7
समुदाय ..... 7
लोकतांत्रिक संस्थान ..... 8
उच्च शिक्षा और अनुसंधान ..... 9
उद्योग ..... 10
मीडिया तथा संचार ..... 11
**विदेशी हस्तक्षेप का ख़तरा कम करने के लिए आप क्या कर सकते हैं?** ..... 12
व्यक्ति ..... 12
सरकार तथा उद्योग ..... 13
**विदेशी हस्तक्षेप पर कार्यवाही करने के लिए सरकार क्या कर रही है?** ..... 14
क़ानून ..... 14
अतिरिक्त उपाय ..... 15

# संदिग्ध विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट कैसे करें

**आपात-स्थिति में 000 पर फ़ोन करें**

## व्यक्तियों तथा सामान्य रिपोर्ट्स के लिए

### राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन

- इस नंबर पर फ़ोन करें: 1800 1234 00 (ऑस्ट्रेलिया के बाहर से: (+61) 1300 1234 01)
- ईमेल: hotline@nationalsecurity.gov.au

राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन पर की जाने वाली रिपोर्ट्स गुमनाम रूप से की जा सकती हैं, और इन पर सोच-विचार के लिए इन्हें यथोचित क़ानून प्रवर्तन तथा सुरक्षा एजेंसियों के पास भेज दिया जाता है।

## सरकार तथा ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों और अनुसंधान उद्योगों के लिए

### सूचित किए जाने योग्य घटनाओं ख़तरों या रिपोर्ट किए जाने लायक अवलोकनों (जो देखा गया है) की रिपोर्ट के लिए (NITRO) पोर्टल

- सुरक्षित वेबसाइट पोर्टल: Home | NITRO (asio.gov.au)

NITRO एक सुरक्षित इंटरनेट पोर्टल है जिसे इसलिए बनाया गया था ताकि ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों और अनुसंधान संस्थानों द्वारा संदिग्ध गतिविधियों और डराने, उत्पीड़न, दबाव डालने, या धमकाने की किसी भी घटना की रिपोर्ट की जा सके।

# विदेशी हस्तक्षेप क्या होता है?

किसी विदेशी शक्ति के द्वारा, उसकी ओर से, तथा उसके द्वारा निर्देशित या उसकी वित्तीय मदद से, या उसके सक्रिय सहयोग से संचालित गतिविधियाँ विदेशी हस्तक्षेप होती हैं तथा जिसमें शामिल होता है:

- या तो किसी व्यक्ति को ख़तरा, या फ़िर
- वो ऑस्ट्रेलिया के हितों के लिए अवैध रूप से गोपनीय या भ्रामक तथा हानिकारक होती है।

## विदेशी सरकार के हस्तक्षेप के लक्ष्य

- व्यक्ति - हो सकता है जो भ्रष्टाचार या दबाव के प्रति ग्रहणशील हों, या जिन्हें किसी विदेशी सरकार की ओर से काम करने के लिए जाल में फँसाया जा सकता हो।
- आधारभूत संरचनाएँ और संस्थान - जिन पर नियंत्रण किया जा सकता हो, जिन तक पहुँचा जा सकता हो या जिन्हें अस्त-व्यस्त किया जा सकता हो।
- सूचना - जिसे चुराया जा सकता हो, फेरबदल किया जा सकता हो या जिसे मनगढ़ंत रूप से तैयार किया जा सकता हो।

## जासूसी क्या होती है?

- किसी व्यक्ति द्वारा, ऑस्ट्रेलिया का नाजायज लाभ उठाने की इच्छा रखने वाली विदेशी शक्ति की ओर से सूचना की चोरी करना, या विदेशी शक्ति को  सूचना प्रदान करने का इरादा रखना जासूसी होता है।

## विदेशी प्रभाव, विदेशी हस्तक्षेप से अलग कैसे होता है?

**विदेशी प्रभाव और विदेशी हस्तक्षेप के बीच अंतर को समझना महत्वपूर्ण है।**

- ऑस्ट्रेलियाई सरकार सहित, सभी सरकारें, अपने लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रभाव डालना चाहती हैं।
- ऐसी गतिविधि विदेशी प्रभाव होती है जो हमारे व्यक्तियों, समाज और लोकतांत्रिक प्रणालियों के प्रति स्पष्ट, पारदर्शी और सम्मानजनक हो।
- विदेशी प्रभाव में शामिल हो सकते हैं, कूटनीतिक गतिविधियाँ, राजनीतिक स्तर पर अपने पक्ष में समर्थन जुटाना, संवादात्मक गतिविधियाँ, धन व्यय, तथा साँस्कृतिक कूटनीति।

ये गतिविधियाँ जब स्पष्ट और पारदर्शी ढंग से संचालित की जाती हैं, तो विदेशी हस्तक्षेप नहीं होती हैं।

# विदेशी हस्तक्षेप का ख़तरा किस पर सबसे ज़्यादा होता है?

विदेशी सरकारें ऑस्ट्रेलियाई समाज के विभिन्न हिस्सों को विभिन्न तरीकों से निशाना बना रही हैं।

## समुदाय

हालाँकि विदेशी हस्तक्षेप का ख़तरा ऑस्ट्रेलियाई समुदाय पर लागू होता है, लेकिन हमारे प्रवासी समुदायों पर अक्सर विदेशी सरकारों से यह ख़तरा ज़्यादा मंडराता है जो इन्हें अपने नियंत्रण में रखना चाहती हैं।

समुदाय में विदेशी हस्तक्षेप कई रूपों में हो सकता हैं, जिनमें निम्नांकित भी शामिल है:

- जिन व्यक्तियों को विदेशी सरकारें असंतुष्टों के रूप में देखती हैं उन्हें डराना-धमकाना, उनकी वैयक्तिक या इलैक्ट्रॉनिक निगरानी, अपहरण या उत्पीड़न करना।
- घरेलू सहभागिता में हस्तक्षेप करना तथा सामाजिक संबंधों को कमज़ोर करना।
- ऐसी ऑनलाइन जानकारी  कार्यवाहियाँ जो किसी व्यक्ति या समूह को बदनाम या अपमानित करने का प्रयास करती हों।
- व्यक्तियों के विदेशों में रह रहे परिवार या संबंधित लोगों को डराकर, लोगों पर विदेशी सरकार के आर्थिक या राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए दबाव डालना।
- हमारे समुदाय के सदस्यों पर, सहमति से प्रत्यर्पण की प्रक्रियाओं के बाहर, ऑस्ट्रेलिया छोड़ने और वापस अपने मूल देश लौटने के लिए दबाव डालना।

विदेशी हस्तक्षेप के समुदायों पर निम्नांकित प्रभाव हो सकते हैं।

- समुदाय के सदस्य किसी सार्वजनिक वाद-  विवाद में स्वतंत्र रूप से हिस्सा नहीं ले सकते हैं।
- सदस्य ख़ुद पर बंदिशें लगा लेते हैं और वृहद समुदाय से अलग-  थलग महसूस करते हैं।

**उदाहरण: प्रदर्शनकारियों को डराना-धमकाना**

जेस्सी किसी दूसरे देश में राजनैतिक समस्या पर एक ऑस्ट्रेलियाई शहर में हो रहे एक वैध प्रदर्शन में जाता है। जेस्सी देखता है कि वहाँ पर एक व्यक्ति प्रदर्शनकारियों की फोटोज़ ले रहा है और वीडियो बना रहा है। प्रदर्शन में जाकर आने के बाद जेस्सी को ऑनलाइन सताया जाने लगता है। विदेश में जेस्सी के परिवार से पूछताछ की जाती है और स्थानीय अधिकारी ऑस्ट्रेलिया में जेस्सी की गतिविधियों के संबंध में उनको गंभीर हानि की धमकी देते हैं। जेस्सी आगे और उत्पीड़न के डर से अपने व्यवहार और बोली पर नियंत्रण करने लगता है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में उसकी अभिव्यक्ति की आज़ादी और सहभागिता पर अंकुश लग जाता है।

## लोकतांत्रिक संस्थान

विदेशी हस्तक्षेप, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति ऑस्ट्रेलियाई लोगों की प्रतिबद्धता को चुनौती दे सकता है और हमारे लोकतंत्र की अखण्डता में जनता के भरोसे को कम कर सकता है। विश्व भर में, विदेशी सरकारों ने निर्वाचन, राजनैतिक और राजनायिक हस्तक्षेप के माध्यम से, निम्नांकित जैसे तरीकों का उपयोग करते हुए लोकतंत्रों को कमज़ोर करने का प्रयास किया है:

- किसी चुनावी परिणाम को एक ऐसे प्रत्याशी या राजनैतिक दल की तरफ झुकाने का प्रयास करना जिनकी नीतियाँ संबंधित विदेशी सरकार के लिए ज़्यादा अनुकूल हों।
- ऑस्ट्रेलिया के हितों की बजाय विदेशी हित के लिए काम करने के लिए  राजनैतिक प्रत्याशियों, राजनैतिक कर्मचारियों या सरकारी अधिकारियों पर गुप्त रूप से प्रभाव डालना, धमकाना या भ्रष्ट करना।
- निर्वाचन प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा और लोकतांत्रिक सरकार में मतदाताओं के भरोसे को कम करने के लिए गलत सूचना फैलाना।

### उदाहरण: ऑस्ट्रेलियाई राजनीति में हस्तक्षेप

एक विदेशी शक्ति, ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के एक सदस्य को किसी ऑस्ट्रेलियाई राजनेता के राजनैतिक अभियान में चंदा देने हेतु गुप्त रूप से निर्देश देती है। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलियाई राजनेता समुदाय के उस सदस्य की तरफ झुक जाता है, और उस व्यक्ति का यह अनुरोध मान लेता है कि वह ऑस्ट्रेलियाई राजनेता उस विदेशी शक्ति के लिए लाभदायक एक मुद्दे पर  विशेष रुख अपनाए। समुदाय का वह सदस्य ऑस्ट्रेलियाई राजनेता को यह नहीं बताता कि इस गतिविधि में शामिल होने के लिए उसे विदेशी शक्ति ने निर्देशित किया था।

इस उदाहरण में, विदेशी शक्ति और समुदाय का सदस्य दोनों ही विदेशी हस्तक्षेप के कार्य में शामिल थे, लेकिन राजनेता नहीं, जो कि विदेशी शक्ति के गुप्त रूप से शामिल होने की बात से अनभिज्ञ है।

## उच्च शिक्षा और अनुसंधान

विदेशी हस्तक्षेप ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों तथा अन्य शिक्षा प्रदाताओं की शैक्षिक स्वतंत्रताओं को कमज़ोर कर सकता है। विदेशी सरकारें इस इरादे के साथ शिक्षाविदों की भर्ती के लिए प्रयास कर सकती हैं कि उनके अनुसंधान की दिशा बदली जा सके या सैन्य अथवा व्यवसायिक लाभ पाने के लिए बौद्धिक संपदा को चुराया जा सके। विदेशी सरकारें विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को अपने हितों के अनुरूप बनाने, तथा अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों पर निगरानी रखने और उन्हें भयभीत करने के लिए गुप्त रूप से पाठ्यक्रम को आकार देने का प्रयास कर सकती हैं।

इन तरीकों में शामिल हो सकता है:

- विश्वविद्यालयों को ऐसी प्रतिकूल व्यवस्थाओं पर हस्ताक्षर करने के लिए मज़बूर करने हेतु आर्थिक दबाव डालना जो बौद्धिक संपदा के अधिकर तथा आर्थिक लाभ लगभग पूरी तरह से विदेशों को देती हों।
- शैक्षिक पूछताछ की स्वतंत्रता, लेख की भाषा, अनुसंधान के विषय या कोर्स की विषय-सामग्री को, विदेशी हितों के अनुरूप बनाने के लिए प्रभावित करने के प्रयास करना।
- जब व्यक्त किए जा रहे विचार विदेशी सरकार के विचारों के अनुरूप न हों तो बोलने की आज़ादी को तथा कैम्पस में अभिव्यक्ति को दबाने के प्रयास करना।

### उदाहरण: विश्वविद्यालय तथा अनुसंधान

सुरक्षा-संबंधी तकनीकी पर शोध कर रहे एक शिक्षाविद् विदेश में आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेने गए, आयोजकों ने उनकी इस यात्रा का सारा खर्चा किया। आयोजकों ने इस सम्मेलन का इस्तेमाल, भर्ती के लिए उन्हें भर्ती के लिए निशाना बनाने हेतु किया था। सम्मेलन समाप्त होने के बाद, वह शिक्षाविद् वापस ऑस्ट्रेलिया आ गए, और सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेश में रह रहे लोगों को ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी प्रदान करना शुरु कर दिया। इसके परिणामस्वरूप ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सुरक्षा में गिरावट आई।

## उद्योग

विदेशी हस्तक्षेप ऑस्ट्रेलियाई उद्योगों के सामर्थ्य और लाभप्रदता को बाधित कर सकता है जिससे हमारी आर्थिक संपन्नता, रक्षा सामर्थ्य तथा हमारे मित्र राष्ट्रों और किसी संधि के तहत सहयोगी देशों के हम पर किए जान वाले भरोसे पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तकनीकियाँ, महत्वपूर्ण मिनरल्स और महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे, ये सभी विदेशी सरकारों के लिए रुचि के क्षेत्र होते हैं।

उद्योगों को कमज़ोर करने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों में शामिल हैं:

- ऐसे सँयुक्त उद्यम और सहयोग, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय साझेदार की सम्बद्धताओं या इरादों को जानबूझकर छिपाया जाता है।
- अन्य देशों के व्यावसायिक और सैन्य लाभ के लिए ऑस्ट्रेलियाई अनुसंधान और तकनीकी पर कब्जा करने हेतु व्यापार व्यवस्थाओं का उपयोग करना।
- महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलियाई उद्योगों के सामर्थ्य और प्रतिस्पर्धात्मकता को हानि पहुँचाने के लिए बाज़ारों और वितरण श्रृंखला में हेरफेर।

### उदाहरण: उद्योगों में संयुक्त साझेदारियाँ

एक ऑस्ट्रेलियाई कंपनी विदेशी सरकार के स्वामित्व वाले उद्यम (SOE) के साथ संयुक्त साझेदारी में शामिल हुई। विदेशी SOE का उस विदेशी सरकार की खुफिया सेवा से निकट संबंध है। उस विदेशी SOE ने उस परियोजना में भारी रकम लगाई, और उस ऑस्ट्रेलियाई कंपनी में प्रतिनियुक्ति (सैकंडमेन्ट) कार्यक्रम की व्यवस्था की। ऑस्ट्रेलियाई कंपनी को संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा ख़तरों के बारे में पता था, लेकिन फिर भी उसने व्यवसायिक कारणों से उस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। बाद में उस संयुक्त साझेदारी ने उस कंपनी को विदेशी हस्तक्षेप और जासूसी के लिए एक्सपोज़ (अनावृत्त) कर दिया।

## मीडिया तथा संचार

मज़बूत लोकतंत्र के चिन्ह होते हैं, भरोसेमंद सूचनाओं की उपलब्धता, अभिव्यक्ति की आज़ादी और स्वतंत्र मीडिया। मीडिया में विदेशी हस्तक्षेप से ऑस्ट्रेलिया की गहन-जानकारी के साथ राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक निर्णय लेने की क्षमता कमज़ोर पड़ सकती है और सामुदायिक तनाव और भी गहरा हो सकता है, जिससे हमारी सामाजिक एकजुटता समूल नष्ट हो सकती है।

इन तरीकों में शामिल हो सकता है:

- ऐसे नरेटिव्स का प्रचार करना और गलत सूचना फैलाना, जो किसी विदेशी सरकार के हितों के लिए ठीक हों, और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमज़ोर करते हों।
- पत्रकारों और अन्य मीडिया संव्यवसायिकों द्वारा जनता को जो जानकारी प्रसारित की जाती है उस पर नियंत्रण के प्रयास में इन लोगों की भर्ती करना।
- ऑस्ट्रेलिया में मीडिया में व्यक्त किए जाने वाले आलोचनात्मक विचारों पर प्रतिबंध या नियंत्रण के लिए प्रयास करना, इसमें अन्य प्रयासों के साथ प्रसार सामग्री पर नियंत्रण, या पत्रकारों, कार्यकर्ताओं या राजनेताओं का उत्पीड़न और उन्हें बदनाम करना भी शामिल है।

**उदाहरण: स्वतंत्र मीडिया रिपोर्टिंग को कमज़ोर करना**

एक समाचार-पत्र का प्रबंधन दल एक विशेष राजनैतिक मुद्दे के कवरेज को सीमित करने के लिए उस समाचार-पत्र के संपादकों पर दबाव डालता है। संपादकों को पता नहीं है, प्रबंधन दल के कुछ सदस्यों के एक विदेशी सरकार से संबंध हैं जिसका उन्होंने खुलासा नहीं किया है, और वे सदस्य इस राजनैतिक मुद्दे को उस विदेशी सरकार के रुख के अनुरूप रखने के लिए इसके नकारात्मक कवरेज को सीमित रखना चाहते हैं। तोड़-मरोड़ कर की गई इस रिपोर्टिंग से उस राजनैतिक मुद्दे पर जनता की जागरूकता में और उस समाचार-साधन और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में जनता के भरोसे में धीरे-धीरे कमी होने लगी।

# विदेशी हस्तक्षेप का ख़तरा कम करने के लिए आप क्या कर सकते हैं?

विदेशी हस्तक्षेप पर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। इस ख़तरे के प्रति हमें अवश्य सावधान रहना चाहिए। विदेशी हस्तक्षेप के विरुद्ध हमारी सामूहिक प्रतिरोध क्षमता एक साझा ज़िम्मेदारी है।

विदेशी हस्तेक्षप के कार्यों में कमी के लिए उपाय लागू करने और ऐसे कार्यों के प्रत्युत्तर के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार व्यक्तियों तथा क्षेत्रों (सैक्टर्स) के साथ मिलकर काम कर रही है।

## व्यक्ति

- अगर आपको किसी भी तरह से ख़तरा या असुरक्षित महसूस हो, तो पुलिस से संपर्क करें:

  – तत्काल ख़तरों के लिए 000 पर फ़ोन करके; या

  – जो ख़तरे तत्काल नहीं हैं उनके लिए 13 14 44 पर फ़ोन करके।
- अगर आप सोचते हैं कि विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों द्वारा आपको निशाना बनाया गया है, तो राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन [ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय सुरक्षा] पर एक रिपोर्ट दर्ज करवाएँ। आप गुमनाम रूप से यह रिपोर्ट दर्ज करवा सकते हैं।
- आपसे ऑनलाइन मिलने वाला हर व्यक्ति वो नहीं होता जो वो ख़ुद को बताता है। नए साथियों के साथ सूचना का आदान-प्रदान करने या नई व्यवस्थाओं में शामिल होने से पहले सामने वाले व्यक्ति की पहचान और उद्देश्यों, तथा संभावित ख़तरों के बारे में ध्यानपूर्वक सोचें [आप जुड़ें उससे पहले सोचें | ASIO]।
- साइबर सुरक्षित रहें [ख़ुद की रक्षा करें | Cyber.gov.au]।
- फर्जी समाचार और गलत सूचनाओं को, विश्वसनीय मीडिया आउटलेट्स से तुलना करके पहचानना सीखें। सोशल मीडिया पर उपलब्ध जानकारी के प्रति गंभीर रहें और पक्षपात के बारे में मालूम करें।
- निर्वाचन के संदर्भ में: रुकें और ध्यान दें: [stop-and-consider-external-flyer.pdf (aec.gov.au)]: क्या दी गई जानकारी किसी विश्वसनीय स्रोत से है? इसे कब प्रकाशित किया गया था? क्या यह धोखाधड़ी हो सकती है?
- गंभीर ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट ईसुरक्षा आयुक्त को https://esafety.gov.au/report पर करें।
- अगर आप ऑस्ट्रेलिया में राजनायिक या काउंसलर अधिकारियों के अनुचित व्यवहार के बारे में चिंतिंत हैं तो विदेश और व्यापार विभाग की शिष्टाचार शाखा को इस वेबसाइट पर रिपोर्ट करें: Protocol.branch@dfat.gov.au।
- अगर आपको किसी विदेशी सरकार, विदेशी राजनैतिक संगठन या विदेशी सरकार से संबंधित किसी इकाई या व्यक्ति की ओर से गतिविधियाँ करने के लिए कहा जा रहा है, तो यह सोचें कि क्या आपको अपनी गतिविधियों को विदेशी हस्तक्षेप पारदर्शिता स्कीम के तहत दर्ज करवाने की ज़रूरत है [ विदेशी प्रभाव पारदर्शिता स्कीम | Attorney-General's Department]।
- विदेशी हस्तक्षेप आपके मानसिक स्वास्थ्य और सकुशलता को प्रभावित कर सकता है। जिन सेवाओं के बारे में आगे जानकारी दी जा रही है वे निःशुल्क हैं, दिन में 24 घंटे सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध हैं, गोपनीय हैं और प्रोफेशनल काउंसलिंग उपलब्ध करवाती हैं।

  – Lifeline [लाइफलाइन]: 13 11 14

  – Beyond Blue [बियोंड ब्लू]: 1300 224 636

## सरकार तथा उद्योग

नई साझेदारियों में शामिल होने पहले ख़तरे के प्रति जागरूक रहकर और यथोचित सतर्कता बरतकर कर अपनी, अपने संगठन की, अपनी प्रतिष्ठा और अपने कार्य की रक्षा करें।

- NITRO (सूचित किए जाने योग्य घटनाओं, ख़तरों या रिपोर्ट किए जाने लायक अवलोकनों (जो देखा गया है)) रिपोर्ट करने की एक अन्य प्रक्रिया है। इस सुरक्षित इंटरनेट पोर्टल को इसलिए बनाया गया है ताकि वे लोग संभावित जासूसी, विदेशी हस्तक्षेप या अन्दरूनी व्यक्तियों से सुरक्षा, शिक्षा और ऑस्ट्रेलियाई उद्योग क्षेत्रों से संबंधित ख़तरों की रिपोर्ट कर सकें जिन्हें सुरक्षा क्लीयरेंस की आवश्यकता नहीं होती है।

  – NITRO, ASIO की वेबसाइट nitro.asio.gov.au पर उपलब्ध है।

- विदेशी राजनायिक या काउंसलर अधिकारियों के अनुचित व्यवहार की रिपोर्ट विदेश और व्यापार विभाग की शिष्टाचार शाखा को Protocol.branch@dfat.gov.au पर की जानी चाहिए ।
- व्यक्तियों, सूचना और संपदाओं की सुरक्षा ख़तरों से रक्षा करने के लिए एक मज़बूत सुरक्षा सँस्कृति स्थापित करें और उसे बनाए रखें तथा नीतियाँ और प्रक्रियाएँ रखें [रक्षात्मक सुरक्षा नीति फ्रेमवर्क]।
- सुदृढ़ साइबर सुरक्षा नियंत्रण रखें।

  – घटनाओं की रिपोर्ट ऑस्ट्रेलियाई साइबर सुरक्षा केन्द्र (ACSC) पर करें [Report and recover | Cyber.gov.au].

  – ACSC साझेदार बनने के लिए पंजीकरण करें [ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल्स निदेशालय का साइबर सुरक्षा साझेदारी कार्यक्रम | Cyber.gov.au]।

- अपने किसी अंदरूनी व्यक्ति से ख़तरे के जोखिम के बारे में सोचें और इसे कम करने के लिए ख़तरा-आधारित उपाय लागू करें जैसे कि कर्मचारियों की स्क्रीनिंग, हितों के टकराव से संबंधित योजनाएँ, योग्यता की जाँच, ऑडिट्स, तथा धोखाधड़ी तथा नैतिकता फ्रेमवर्क्स [अन्दरूनी व्यक्ति से ख़तरे पर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करना: ऑस्ट्रेलियाई सरकार के लिए एक दिशा-निर्देशिका]।
- पता करें कि किसी कंपनी, व्यक्ति या संगठन का गृह राष्ट्र, क्या वित्तीय कार्यवाही टास्क फोर्स द्वारा एक निर्धारित विदेश या उच्च ख़तरे वाले देश के रूप में सूचीबद्ध किया गया है [Home (fatf-gafi.org)]।
- ऐसी बौद्धिक संपदा (IP) या अनुसंधान और विकास व्यवस्थाओं को समझें जो किसी भी समझौते, निवेश या साझेदारी पर लागू होंगी। IP की रक्षा करने के लिए एक योजना लागू करें इसमें चोरी या अनायास नकारात्मक उपयोग से रक्षा भी शामिल है [अपनी सफलता को सुरक्षित करें | ASIO]।
- संभावित साझेदारों, प्रबंधन दल के सदस्यों और निर्देशकों, या निवेशकों के लिए, निम्नांकित के बारे में सोचें।

  – विदेश तथा व्यापार विभाग द्वारा ऑस्ट्रेलिया की मंजूरी व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध, व्यक्तियों और इकाईयों की समेकित सूची को चेक करें [समेकित सूची | ऑस्ट्रेलियाई सरकार का विदेश तथा व्यापार विभाग (dfat.gov.au)]।

  – व्यक्तियों या संगठनों का विदेशी सरकारों, विदेशी राजनैतिक संगठनों तथा विदेशी सरकारों से संबंधित व्यक्तियों या इकाईयों से क्या संबंध हो सकता है इस बारे आप पूरी जानकारी के साथ समझें इसके लिए विदेशी प्रभाव पारदर्शिता स्कीम रजिस्टर [पारदर्शिता रजिस्टर - पारदर्शिता रजिस्टर (ag.gov.au)] चैक करें।

  – इस बात की पुष्टि करें कि कोई कंपनी या संगठन उचित रूप से पंजीकृत है। स्थानीय रूप से, ऑस्ट्रेलियाई बिज़नस रजिस्टर [ABN Lookup (business.gov.au)] तथा ऑस्ट्रेलियाई सिक्योरिटीज़ तथा निवेश आयोग [Search ASIC's Registers | ASIC] के माध्यम से यह पुष्टि की जा सकती है।

  – किसी व्यापार संबंध में शामिल होने के बारे में विचार करते समय कंपनी तथा शेयरहोल्डिंग के ढंग, अभिभावक मालिकों और मौन साझेदारों की पुष्टि कर लें।

  – इस बात पर ध्यान दें कि किसी व्यावसायिक संबंध में सूचना तक पहुँच, प्रणालियों और तकनीकियों से संबंधित क्या-क्या चीज़ें मांगी गई हैं या प्रदान की जाएँगी तथा अंतिम समझौते में असरदार शर्तें रखें।

  – इस बात पर ध्यान दें कि क्या किसी कंपनी या संगठन के गृह राष्ट्र की क़ानून व्यवस्था निष्पक्ष और न्यायसंगत है, और क्या वो क़ानून व्यवस्था सरकार और खुफिया सेवाओं को सूचना और आकड़ों तक वैध रूप से पहुँच की अनुमति देती है।

# विदेशी हस्तक्षेप पर कार्यवाही करने के लिए सरकार क्या कर रही है?

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विदेशी हस्तक्षेप द्वारा उत्पन्न किए जाने वाले ख़तरों पर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करने तथा ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय हित की रक्षा के लिए क़ानून तथा अन्य उपाय लागू किए हैं।

## क़ानून

विदेशी हस्तक्षेप के कार्यों को दण्डात्मक अपराध की श्रेणी में लाने के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पास एक मज़बूत क़ानूनी ढाँचा है। *Criminal Code Act 1995 [आपराधिक संहिता अधिनियम 1995* (आपराधिक संहिता) व्यक्तियों द्वारा निम्नांकित इरादों से की जाने वाली गुप्त और भ्रामक या डरानेवाली गतिविधियों को अपराध घोषित करता है:

- ऑस्ट्रेलिया की लोकतात्रिक व्यवस्थाओं और प्रक्रियाओं पर प्रभाव डालने के इरादे से;
- लोकतांत्रिक या राजनैतिक अधिकार या कर्तव्य के उपयोग पर प्रभाव डालने के इरादे से;
- किसी विदेशी सरकार की खुफिया गतिविधियों में सहयोग करने इरादे से; या
- ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सुरक्षा को हानि पहुँचाने के इरादे से ।

आपराधिक संहिता के तहत विदेशी हस्तक्षेप 20 साल तक की जेल की सज़ा हो सकती है।

*विदेशी व्यवस्थाएँ स्कीम* यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी विश्वविद्यालय, राज्य या टेरीटोरी की सरकारें और विदेशी इकाईयाँ ऑस्ट्रेलिया के विदेशों के साथ संबंधों पर विपरीत प्रभाव न डालें तथा ऑस्ट्रेलिया की विदेश नीति के अनुरूप रहें। और अधिक जानकारी के लिए विदेश व्यवस्थाएँ पर जाएँ।

*Foreign Influence Transparency Scheme Act 2018 [विदेशी प्रभाव पारदर्शिता स्कीम अधिनियम 2018]*, द्वारा स्थापित *विदेशी प्रभाव पारदर्शिता स्कीम* के तहत यह आवश्यक है कि व्यक्तियों तथा इकाईयों द्वारा ऑस्ट्रेलिया में की जाने वाली ऐसी गतिविधियों को दर्ज करवाया जाए जो किसी विदेशी सिद्धांत के तहत की जाती हैं । इससे जनता को ऑस्ट्रेलिया की सरकार और राजनीति पर विदेशी प्रभाव की प्रकृति, स्तर और विस्तार प्रत्यक्ष हो जाता है। और अधिक जानकारी के लिए FITS के वेबपेज पर जाएँ।

*विदेशी निवेश फ्रेमवर्क* विदेशी इकाईयों द्वारा ऑस्ट्रेलिया में निश्चित सीमा से अधिक निवेश के प्रस्तावों की समीक्षा करता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विदेशी निवेश ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय हित के विपरीत नहीं हैं। और अधिक जानकारी के लिए www.foreigninvestment.gov.au पर जाएँ।

*ऑस्ट्रेलिया की महत्वपूर्ण तकनीकी की रक्षा (PACT) वीज़ा स्क्रिनिंग फ्रेम*वर्क ऐसे वीज़ा आवेदकों की विस्तृत और बारीकी से जाँच-पड़ताल सुनिश्चित करके, महत्वपूर्ण तकनीकी के अवांछित स्थानांतरण से ऑस्ट्रेलिया के संस्थानों की रक्षा करता है, जो महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र में पढ़ाई करना चाहते हैं।

*Security of Critical Infrastructure (SOCI) Act 2018 [महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचों की सुरक्षा अधिनियम 2018]*, महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा संपदाओं के मालिको, संचालकों या इन संपदाओं में प्रत्यक्ष रुचि रखने वालों के क़ानूनी दायित्वों की रूपरेखा बताता है।

# अतिरिक्त उपाय

### विदेशी हस्तक्षेप प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही टास्कफोर्स (CFI टास्कफोर्स)

ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन और ऑस्ट्रेलियाई फैडरल पुलिस की अगुआई वाली, CFI टास्कफोर्स जासूसी तथा विदेशी हस्तक्षेप पर ऑस्ट्रेलिया के प्रचालनात्मक (आपरेशनल) प्रत्युत्तर का नेतृत्व करती है, तथा विदेशी हस्तक्षेप को पहचानने, आकलन करने, जाँच करने, बाधित करने का काम करती है और, जहाँ संभव हो, ऐसे कार्यों पर मुक़दमा चलाती है।

### विदेशी हस्तक्षेप प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही समन्वय केन्द्र (CFICC)

गृह विभाग के भीतर CFICC राष्ट्रीय प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही विदेशी हस्तक्षेप कोर्डिनेटर की, विदेशी हस्तक्षेप पर प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही करने और CFI नीति पर नेतृत्व प्रदान करने तथा साथ मिलकर अन्य एजेंसियों तक पहुँचने के लिए सरकार के सभी अंगों के प्रयासों का समन्वय करने में सहायता करता है।

### विश्वविद्यालय विदेशी हस्तक्षेप टास्कफोर्स (UFIT)

UFIT उच्चतम शिक्षा क्षेत्र में विदेशी हस्तक्षेप के ख़तरे से निपटने के लिए परस्पर सहयोग पूर्वक काम करने के लिए विश्वविद्यालय सैक्टर तथा ऑस्ट्रेलिया की सरकारी एजेंसियों को साथ में लाती है।

### तकनीकी विदेशी हस्तक्षेप टास्कफोर्स (TechFIT)

TechFIT महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में विदेशी हस्तक्षेप के ख़तरे से निपटने के लिए परस्पर सहयोग पूर्वक काम करने के लिए तकनीकी क्षेत्रों तथा ऑस्ट्रेलिया की सरकारी एजेंसियों को साथ में लाती है।

### निर्वाचन सत्यनिष्ठा आश्वासन टास्कफोर्स (EIAT)

EIAT, ऑस्ट्रेलियाई निर्वाचन आयोग को उन विषयों पर सूचना व सलाह प्रदान करती है जिनसे ऑस्ट्रेलिया के फैडरल निर्वाचन आयोजनों की सत्यनिष्ठा पर असर पड़ सकता है, इन मामलों में विदेशी हस्तक्षेप का वास्तविक या अनुमानित ख़तरा भी शामिल है। और अधिक जानकारी के लिए, निर्वाचन सत्यनिष्ठा आश्वासन टास्फोर्स वेबपेज पर जाएँ।

### मीडिया/डिजिटल साक्षरता पहल

ऑस्ट्रेलियाई सरकार उन कार्यक्रमों का समर्थन करती है जो डिजिटल साक्षरता को आगे बढ़ाते हों, जनहित पत्रकारिता का समर्थन करते हों, मीडिया की विविधता की रक्षा करते हों।